PIC Acad/Student Notice Boards/
FILE/PA/College Website

For Wider Circulation

Principal
Govt. Engg. College, Palamu

झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर (साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी कैम्पस),
सिरखा टोली, नामकुम, राँची – 834010 (झारखण्ड)

पत्रांक – JUT-1276/2023/1704 /राँची, दिनांक– 08/12/2023

प्रेषक,

सहायक कुलसचिव,
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
नामकुम, राँची।

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/प्रभारी प्रचार्य,
सभी राजकीय डिग्री अभियंत्रण संस्थान,
पी0पी0पी0 मोड पर संचालित सभी डिग्री अभियंत्रण संस्थान,
संबंद्धता प्राप्त सभी गैर–राजकीय डिग्री अभियंत्रण संस्थान।

विषयः– **शैक्षणिक वर्ष 2023–24 में डिग्री अभियंत्रण/गैर–अभियंत्रण पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नियमित सेमेस्टर/वार्षिक तथा पार्श्विक प्रवेश योजना के अन्तर्गत नामांकित विद्यार्थियों द्वारा भरे जाने वाले ऑन–लाईन निबंधन आवेदन पत्रों को अनुमोदित/अस्वीकृत किये जाने के संबंध में।**

प्रसंगः– विश्वविद्यालय के पत्रांक– JUT-1276/2023/1636, दिनांक – 09/11/2023

महाशय/महाशया,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक में शैक्षणिक वर्ष– 2023–24 में डिग्री अभियंत्रण/गैर–अभियंत्रण पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नियमित सेमेस्टर/वार्षिक तथा पार्श्विक प्रवेश योजना के अन्तर्गत क्रमशः प्रथम सेमेस्टर/वर्ष तथा तृतीय सेमेस्टर/द्वितीय वर्ष में नामांकित विद्यार्थियों द्वारा ऑन–लाईन निबंधन आवेदन पत्र निर्धारित अवधि तक विलम्ब शुल्क रहित तथा विलम्ब शुल्क सहित भरे गये हैं।

संबंधित संस्थानों में नामांकित कुछेक विद्यार्थियों द्वारा कतिपय कारणवश (ग्रामीण क्षेत्रों में Network Problem, साधन का अभाव एवं शारीरिक अस्वस्थता होने के फलस्वरूप) उपरोक्त निर्धारित समयावधि तक ऑन–लाईन निबंधन आवेदन पत्र नहीं भर पाने के कारण, ऑन–लाईन निबंधन आवेदन पत्र जमा करने के लिए "Gyanjyoti" Link को पुनः खोलने संबंधी अनुरोध के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विद्यार्थियों द्वारा ऑन–लाईन निबंधन प्रमाण पत्र (विलम्ब शुल्क सहित) जमा करने की तिथि को पुनः दिनांक – **09.12.2023** से दिनांक – **12.12.2023** तक तथा संस्थान द्वारा उसे "Approve/Disapprove" करने की तिथि को दिनांक – **15.12.2023** तक विस्तारित की जाती है। साथ ही संबंधित विद्यार्थियों की विवरणी पूर्व के निर्धारित दिशा–निर्देश के आलोक में तैयार कर Hard Copy दिनांक – **16.12.2023** तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना चाहेंगे।

शेष अन्य नियम एवं शर्त्तें प्रासंगिक पत्रों के हीं अनुरूप रहेगी।

नोट – उक्त निर्धारित तिथि को जिन विद्यार्थियों द्वारा निबंधन आवेदन पत्र भरा जायेगा, केवल उसे ही संस्थान द्वारा Approved/Disapproved किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन,
Nishant Kumar 8/12/23
सहायक कुलसचिव,
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
राँची।
08/12/23

(क्र०पृ०उ०)

राजकीय अभि० महाविद्यालय, पलामू

ज्ञाप सं० - 146 पलामू, दि० - 09-12-2023

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित :-

1. सभी विद्यार्थी बी०टेक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर / द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर 2023 बैच के विद्यार्थियों को निर्देश दिया जाता है कि जो निबंधन हेतु अभी तक आवेदन पत्र ऑनलाईन नहीं भरे है वे विलम्ब शुल्क के साथ दि० 12.12.2023 तक आवेदन जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
2. सभी छात्रावास सूचना / सामान्य सूचना पट्ट पर विशेष प्रचार हेतु।
3. सहायक प्रभारी पदा० अधिविधि, जे०यू०टी० पलामू।
4. प्राचार्य, राजकीय अभि० महाविद्यालय, पलामू।
5. प्रभारी पदा० संस्थान वेबसाईट, जे०यू०टी० पलामू।

Harimohan [signature] 9/12/2023

प्रभारी पदा० अधिविधि
रा० अभि० महा० पलामू
[signature] 09.12.2023